>

Title: Need to ensure regular supply of power from NTPC Diviapur to the farmers of District Auriya, Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : महोदय, सदन के माध्यम से माननीय विद्युत मंत्री जी का ध्यान आकृÂष्ट करते हुए कहना है कि जनपद औरैया दिवियापुर में एन.टी.पी.सी का एक प्रतिष्ठान स्थापित है, जो मेरे संसदीय क्षेत्र में है। इस प्रतिÂठान को स्थापित करने से लाखों लोगों का आशियाना उजड़ा था जिसकी भरपाई आज तक नहीं की गई है, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है जबकि प्रतिÂष्ठान को पूरे जनपद में बिजली, पानी, सफाई विद्यालय की व्यवस्था करना अनिवार्य है। रायबरेली जनपद में भी एन.टी.पी.सी का एक प्रतिÂठान है, जो पूरे जनपद में बिजली वितरण कर रहा है एवं मुआवजा भी सभी को मिल गया है।

अतः मंत्री जी से आग्रह है कि एन.टी.पी.सी रायबरेली की तर्ज पर एन.टी.पी.सी दिवियापुर में भी पूरे जनपद को विद्युत की वितरण की व्यवस्था करे एवं किसानों को 24 घंटे विद्युत की व्यवस्था की जाये।